प्रेस नोट

श्रीमान् पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन व श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी जोन तथा श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त महोदय के कुशल मार्गदर्शन में रोकथाम जुर्म जरायम शान्ति व्यवस्था व कोविड-19 के दृष्टिगत दिनांक 21-07-2021 को उ0नि0 राकेश कुमार मिश्र मय हमराह उ0नि0 श्री ज्ञानेन्द्र सिंह तथा का0 देवेन्द्र यादव , हे0का0 मान सिंह तथा का0 जयहिन्द के साथ देखभाल क्षेत्र में मामूर होकर गोलगड्डा तिराहे पर मौजूद होकर रोकथाम जुर्म जरायम तथा अपराध एवं अपराधियों के बारे में चर्चा कर रहे थे कि मुखबीर की सूचना पर जलालीपुरा क्रांसिग के थोड़ा आगे राजघाट की ओर पहुचकर निर्माणधीन पुल के नीचे खड़ा व्यक्ति हम पुलिस बल को देखकर भागने लगा । जिसे घेर घार कर पकड़ लिया गया । पकड़े गए व्यक्ति से नाम पता पूछते हुए भागने का कारण पूछा गया तो उसने अपना नाम पता इमाम अली उर्फ कल्लू पुल हिदायत अली निवासी ग्राम बेलबीर थाना चुनार जनपद मिर्जापुर बताया। पकड़े गये व्यक्ति के पास से प्लास्टिक के झोले में 750 ग्राम नाजायज गाँजा बरामद हुआ। अभियुक्त को कारण गिरफ्तारी बताते हुये समय करीब 02.45 बजे गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण:- बरामद गांजा व रूपयों के बारे मे कड़ाई से पूछने पर कल्लू उक्त द्वारा बताया गया कि साहब में यहाँ पर इस्तियाक के इन्तजार में खड़ा था। साहब मुगलसराय जाकर गांजा उसके बताये गए व्यक्ति को देना है। पैसे के बारे में पूछने पर बता रहा है कि साहब 10 जुलाई को दोपहर में बुलआबीर से जो गाड़ी चोरी हुई है । उसे में और इस्तियाक नें मिलकर चुराया था । इस्तियाक चाभी बनाता है . उसी से उसने गाड़ी खोला था और मै वहा से चलाकर ले गया था तथा उसके कहने पर ही मैने गाड़ी मुगलसराय में एक व्यक्ति को दिया था जिसको मै नही जानता सिर्फ देखकर पहचान सकता हूँ उसी गाड़ी के लिए इस्तियाक ने मुझे रूपया 3000 दिया था जिसमें और खर्च हो गया वाकी यही पैसे बचे है । इस्तियाक का नाम पता पूछने पर बता रहा है कि इस्तियाक अहमद पुत्र स्व0 मो0 इकराम निवासी K 49/23 अम्बिया मंडी थाना कोतवाली है ।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता- इमाम अली उर्फ कल्लू पुत्र हिदायत अली निवासी ग्राम बेलबीर थाना चुनार जनपद मिर्जापुर

गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध पंजीकृत अभियोग-

1- मु0अ0स0 95/21 धारा 379/411 भा0द0वि0 थाना आदमपुर वाराणसी
2- मु0अ0सं0 99/21 धारा धारा 8/20 NDPS ACT थाना आदमपुर वाराणसी

बरामदगी:- गांजाँ कुल वजन 730 ग्राम

गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम का विवरण

1. उ0नि0 राकेश कुमार मिश्र चौकी प्रभारी हनुमान फाटक थाना आदमपुर वाराणसी
2. उ0नि0 श्री ज्ञानेन्द्र सिंह थाना आदमपुर वाराणसी
3. का0 देवेन्द्र यादव थाना आदमपुर वाराणसी
4. हे0का0 मान सिंह थाना आदमपुर वाराणसी
5. का0 जयहिन्द थाना आदमपुर वाराणसी

प्रभारी निरीक्षक
थाना आदमपुर कमिश्नरेट वाराणसी